पेज थ्री देहरादून

राजपुर स्पोर्टस कॉलेज में यात्रियों की लगी लाइन।

देहरादून शनिवार 30 मई 2020 पेज 8



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### उक्रांद में बढ़ा युवाओं का रुझानः ध्यानी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रान्ति दल परिवार में युवाओं का रुझान बढ़ता जा रहा है जिसमें कई दलों एवं दलों के पदाधिकारियों ने उक्रांद की सदस्यता ग्रहण की है इससे दल लगातार मजबूत हो रहा है। यहां जारी एक बयान में दल के महानगर अध्यक्ष सुनील ध्यानी ने कहा है कि दल में कई संख्या में युवा वर्ग शामिल हो रहा है दल में काफी संख्या में लगातार युवा जुड़े हैं और यह अभियान आज भी जारी है। इस अवसर पर ध्यानी ने कहा है कि दल में लोगों का लगातार जुड़ाव होता जा रहा है यह दल की मजबूती के लिए शुभ संकेत है। दून महानगर उक्रांद इकाई में शुक्रवार को राजेन्द्र सिंह नेगी को वार्ड संख्या 86 माजरा सेवंलकलां दून का वार्ड अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

### एक साथ लाखों लोगों से हुआ सीधा संवाद

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेश जोशी ने कहा कि स्पिक अप इंडिया फेस बुक लाइव के माध्यम से एक साथ लाखों लोगों से सीधा संवाद हुआ है। उन्होंने कहा कि स्पिक अप इंडिया फेसबुक लाइव की मुहिम के माध्यम से भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार की नाकामी हठधर्मिता व कुप्रबन्धन की वजह से कोरोना संक्रमण में वृद्धि व परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### प्रांतीय कार्यकारिणी की ऑनलाइन बैठक कल

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड जनरल ओबीसी इम्पलाईज एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा सभी जनपदीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ जूम ऐप के माध्यम से एक महत्वपूर्ण एवं आवश्यक बैठक 31 मई को ऑनलाइन की जाएगी। एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष दीपक जोशी ने कहा कि बैठक में जनपदों में सामान्य ओबीसी वर्ग के साथियों की सदस्यता को बढ़ाए जाने तथा वर्तमान घटनाक्रम में उत्तराखंड जनरल ओबीसी इम्पलाईज एसोसिएशन को एकजुट करने हेतु सभी क्रांतिकारी पदाधिकारियों के विचार लिए जाएंगे।

### अमेजन ने केडीपी पेन टू पब्लिश 2019 कॉन्टेस्ट के विजेताओं की घोषणा की

**संवाददाता** देहरादून। अमेजन ने शुक्रवार को किंडल डायरेक्ट पब्लिशिंग पेन टू पब्लिश 2019 कॉन्टेस्ट के विजेताओं की घोषणा की है। इस प्रतियोगिता का यह तीसरा वर्ष है और इसकी संकल्पना स्व–प्रकाशित लेखकों के असाधारण काम को पहचान देने के लिये की गई थी। यह कॉन्टेस्ट हिन्दी, अंग्रेजी और तमिल भाषाओं में लॉन्गण फॉर्मेट और शॉर्ट–फॉर्मेट कैटेगरीज में विभिन्न विधाओं के लेखकों की साहित्यिक उत्कृष्टता को पहचान देता है।

# कर्मचारियों के भत्तों में नहीं होगी किसी प्रकार की कटौती

**कैबिनेट के फैसले**

कोई भी राज्य में किसी भी जगह जाने को स्वतंत्र होगा बस ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा, अनुमति की आवश्यकता नहीं

मुख्य सचिव से लेकर निचले स्तर तक प्रत्येक कार्मिक का हर माह एक दिन का वेतन कटेगा

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंत्रिमंडल की बैठक हुई। सरकार के प्रवक्ता मदन कौशिक ने बताया कि कर्मचारियों के भत्तों में किसी प्रकार की कटौती नहीं होगी। साथ ही कई फैसले लिए गए।

कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया कि कर्मचारियों के भत्तों में नहीं होगी किसी प्रकार की कटौती, अलबत्ता इस वित्तीय वर्ष तक मुख्य सचिव से लेकर निचले स्तर तक प्रत्येक कार्मिक का हर माह एक दिन का वेतन कटेगा, सीएम राहत कोष में जमा होगा। दायित्वधारियों का हर माह पांच दिन का मानदेय मुख्यमंत्री राहतकोश में जमा होगा।

मुख्यमंत्री एकीकृत बागवानी विकास योजना में विभागीय बजट से भी किसानों को 50 फीसद अतिरिक्त अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा साथ ही बागवानी विकास योजना से अतिरिक्त अन्य बीज फल अदरक हल्दी आदि में 50 फीसद अनुदान राज्य सरकार देगी। कोल्ड स्टोर पर 50 प्रतिशत व कोल्ड स्टोर कुल लागत का 50 फीसद वैन 50 फीसद अनुदान श्रम विभाग जो कर्मचारी कोरोना प्रभावित होगा, उसका 28 दिन का भुगतान नियोक्ता को करना पड़ेगा। सभी संस्थानों दुकानों वाणिजियक संस्थानों को केंद्र की गाइडलाइन के अनुसार सेनेटाइजर की व्यवस्था करनी होगी।

श्रम सुधार अधिनियम 1926 में शनशोधन–यूनियन के संख्या के मानक को में परिवर्तन अब 30 फीसद पर ही यूनियन बनेगी। रजिस्ट्रेशन एक्ट 1988 के अधीन रजिस्ट्री की नकल को डिजिटल के माध्यम से 2 रुपये प्रति पृष्ठ व न्यूनतम 100 रुपये।



**पंचायती राज में संसोधन**

जिला पंचायत ब्लॉक प्रमुख व प्रधान के चुनाव नहीं हुए है, वहां 6 माह के लिए डीएम प्रतिनिधि नॉमिनेट करेंगे। जहां दो तिहाई का निर्वाचन न हो पाया हो वहां ग्राम पंचायत के सम्भान्त व्यक्ति को नियुक्त किया जा सकता है।

डीएम के माध्यम से आउटसोर्स कर्मियों की नियुक्ति को 3 माह से बढ़ा कर 20–2–2021 तक बढ़ा दिया गया है।

मेगा इंडस्ट्रियल नीति में वैधता की तिथि 30 जून 2020 या नई नीति आने तक बढ़ाई गई है। उत्तरकाशी 1000 मीट्रिक टन का कोल्ड स्टोर बन रहा, उसकी लागत 13 करोड़ होने कारण मंडी परिषद को भी अनुमति दी गई है।

जिला योजना समिति में अध्यादेश के माध्यम से संसोधन। डीएम प्रभारी मंत्री के माध्यम से निर्णय ले सकेंगे। पूरे राज्य में वर्तमान में एक जैसी स्थिति होने के मद्देनजर कोई भी व्यक्ति राज्य में किसी भी जगह जाने को स्वतंत्र होगा। बस उसे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा अनुमति की आवश्यकता नही।

### क्वारंटाइन सेंटरों की हालत पर प्रीतम सिंह ने उठाए सवाल

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने पर्वतीय क्षेत्रों में प्रवासियों की वापसी के लिए बनाए गए क्वारंटाइन सेंटरों की बदहाली और अव्यवस्थाओं पर चिंता जताई। इसको लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को पत्र लिखकर मांग की है कि क्वारंटाइन सेंटरों में जिन ग्रामीणों की मौत हुई है, उनके परिजनों को दस–दस लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने बताया कि मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में प्रीतम सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप राज्य सरकार अपने राज्य ने प्रवासी नागरिकों की घर वापसी के लिए प्रक्रिया शुरू की, जिसके चलते बडी संख्या में लोग अपने घरों को वापस आने शुरू हो गए। ग्रामीण और प्रवासी नागरिकों की वापसी पर उन्हें गांव के विद्यालयों में बने अस्थाई क्वारंटाइन सेंटर में रखा जा रहा है, लेकिन इन सेंटरों में व्यवस्थाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए इन क्वारंटाइन सेंटरों में पीने के पानी और शौचालय तक की कोई व्यवस्था नहीं है।

**पर्यटन व्यवसायियों को राहत की घोषणा करे सरकारः धस्माना**

कांग्रेस ने एक बार फिर प्रदेश की त्रिवेंद्र सरकार से मांग की है कि पर्यटन व्यवसायियों को आर्थिक संकट से उभारने के लिए जल्द आर्थिक पैकेज घोषित कर उनकी मदद करें।

# प्रवासियों को क्वारंटाइन करने का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

**जवाब**

■ हाईकोर्ट ने प्रवासियों को जिला व तहसील स्तर पर क्वारंटाइन नहीं करने पर मांगा जवाब

देहरादून। **संवाददाता**

हाईकोर्ट ने प्रवासियों को जिला व तहसील स्तर पर प्रशासन द्वारा क्वारन्टीन नहीं करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की। कोर्ट ने मामले में प्रिंसिपल सेक्रेट्री हेल्थ, डायरेक्टर जनरल मेडिकल हेल्थ, जिलाधिकारी बागेश्वर, सीएमओ बागेश्वर, एसडीएम गरुड़, बीडिओ गरुड़ सहित केंद्र सरकार से दो जून तक स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। अगली सुनवाई के लिए दो जून की तिथि नियत की है।

गांव में प्रवासियों को क्वारंटाइन करने का मामला हाईकोर्ट पहुंचा है। बागेश्वर जिले के गरुड़ ब्लॉक के ग्राम प्रधानों की ओर से दायर याचिका पर गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश रंगनाथन व न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की खंडपीठ ने मामले को न्यायमूर्ति सुधांशु धुलिया व न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की खंडपीठ को रेफर कर दिया था। सुनवाई की डेट 29 मई यानी आज शुक्रवार को नियत की गई थी। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से स्थिति स्पष्ट करने को कहा है।

अधिवक्ता डीके जोशी ने इस सम्बंध में जनहित याचिका दायर की है। जिसमें कहा गया है कि गरुड़ बागेश्वर के ग्राम प्रधानों ने जिलाधिकारी को 20 मई को ज्ञापन दिया था कि प्रदेश में बाहर से आने वाले प्रवासियों को जिला स्तर व तहसील स्तर पर देखभाल प्रशासन करे। ग्राम प्रधान उनकी सहायता करेंगे। याचिकाकर्ता का यह भी कहना है कि अगर प्रशासन ऐसा नहीं करता है तो गरुड़ के समस्त ग्राम प्रधान सामूहिक रूप से इस्तीफा देंगे।

**इसलिए ग्राम प्रधान कर रहे हैं विरोध**

प्रवासियों को क्वारंटाइन करने के गांव के पंचायत भवनों और स्कूलों को क्वारंटाइन सेंटर बनाय गया है। इसके रख–रखाव व देखभाल की जिम्मेदारी ग्राम प्रधानों पर थोप दी गई है। जबकि इसके लिए अब तक अलग से किसी बजट का भी प्रावधान नहीं किया गया है। यही कारण है कि प्रधान इसको लेकर लगातार विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि प्रवसियों को जिला और तहसील स्तर पर ही क्वारंटाइन किया जाएगा। इसमें ग्राम प्रधानों के संगठन से भी अपेक्षा होगी यथा संभव मदद की जाएगी।

### स्वदेशी वस्तुओं के बढ़ावे को कुम्हारों से खरीदे मिट्टी के बर्तन

**संवाददाता** देहरादून। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर लोकल पर वोकल कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन लटवाल के आह्वान पर भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर देहरादून द्वारा स्वदेशी वस्तुओं के बढ़ावा देने हेतु कुम्हारों से मिट्टी के बर्तन, पानी के मटके आदि वस्तुओं को खरीदा गया। इस मौके पर कैंट विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरबंस कपूर का आशीर्वाद भी युवा मोर्चा को मिला। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विदेशी वस्तुओं का उपयोग कर हम आर्थिक रूप से गुलाम होते जा रहे हैं अगर हम देश में देसी वस्तुओं का उपयोग करते हैं तो हमारा पैसा अपने देश में ही रहेगा जो देश के उत्थान के काम आता है। उन्होंने युवा मोर्चा के सभी साथियों को और जनता से वह अपील करें कि स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग होने से देश में उन्नति होगी।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News

Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के प्रिंर्टस,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित। संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून। फैक्स नं०– 0135-2650558 (M) 9319700701 pagethreedaily@gmail.com आर.एन.आई.नं० UTTHIN\2005\15735 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।